web : www.nyaysakshi.com ‖ पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल ‖ पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक-सेहत-विज्ञान-फीचर

दैनिक
न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO :- CHHHIN/2018/76480 ‖ Postal Registration No-055/Raigarh DN CG ‖ रायगढ़, शुक्रवार 19 अप्रैल 2019 ‖ पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए ‖ वर्ष-01, अंक-196

महत्वपूर्ण एवं खास

जंतर-मंतर पर जेट एयरवेज कर्मचारियों का प्रदर्शन, सरकार के सामने रखी ये मांगे

नई दिल्ली। जेट एयरवेज की उड़ान बंद होने के बाद कर्मचारी सड़क पर उतर गए हैं। बृहस्पतिवार को कर्मचारियों ने दिल्ली के जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे। प्रदर्शनकारी जेट एयरवेज की उड़ान बहाल करने की मांग कर रहे हैं। इससे पहले को कर्मचारियों ने जेट एयरवेज को आर्थिक संकट से उबारने की मांग को लेकर इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आइजीआइ) एयरपोर्ट पर शनिवार को प्रदर्शन किया था। इस दौरान उन्होंने मानव श्रृंखला भी बनाई थी। प्रदर्शन में जेट एयरवेज के पायलट, तकनीकि व सुरक्षा सहित अन्य कर्मियों ने हिस्सा लिया था। उन्होंने जेट एयरवेज बचाओ, हमारा भविष्य बचाओ के बैनर भी ले रखे थे। वहीं, उन्होंने बकाया वेतन दिए जाने की भी मांग की।

रिलायंस का चौथी तिमाही में मुनाफा 10 प्रतिशत बढ़कर 10,362 करोड़ रुपये

नई दिल्ली। तेल से लेकर टेलिकॉम क्षेत्र की दिग्गज कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (ऋद्धरु) ने गुरुवार को बताया कि चौथी तिमाही में उसका मुनाफा साल दर साल आधार पर 9.79 फीसदी बढ़कर 10,362 करोड़ रुपये रहा। बाजार पूंजीकरण के आधार पर देश की सबसे बड़ी कंपनी आरआईएल को पिछले साल की समान तिमाही में 9,438 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ था।

पश्चिम बंगाल कांग्रेस ने कहा, केंद्र में सरकार बनाने के लिए नहीं लेंगे ममता का समर्थन

कोलकाता। पश्चिम बंगाल कांग्रेस के अध्यक्ष सोमेन मित्रा ने कहा है कि केंद्र में अगली सरकार बनाने के लिए उनकी पार्टी न तो ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस से समर्थन मांगेगी और न ही त्रिशंकु संसद बनने की स्थिति में उनके प्रधानमंत्री बनने के प्रयास का समर्थन करेगी। उन्होंने ममता बनर्जी को आरएसएस-बीजेपी का सबसे बड़ा और विश्वस्त सहयोगी करार दिया है।

अमेजन 18 जुलाई से चीन में ई-कॉमर्स बिजनेस बंद करेगी

शंघाई। अमेजन 18 जुलाई से चीन में ई-कॉमर्स का बिजनेस बंद करेगी। रॉयटर्स के मुताबिक कंपनी ने गुरुवार को कहा कि चीन में उसकी वेबसाइट अमेजन डॉट सीएन पर वहां के विक्रेताओं को सेवाएं मुहैया नहीं करवाई जाएंगी। बाहरी विक्रेता अपने उत्पाद बेचना चाहें तो वो अमेजन ग्लोबल सेलिंग की सर्विस ले सकते हैं। इन दोनों कंपनियों का बेस चीन में ही होने की वजह से उन्हें वहां के बाजार की अच्छी समझ है। अमेजन ने 2004 में चीन के ऑनलाइन बुक सेलर जोयो का अधिग्रहण कर वहां के रिटेल मार्केट में एंट्री की थी। लेकिन, खास कामयाबी नहीं मिली। 2018 की चौथी तिमाही में चीन के बिजनेस टू कंज्यूमर ऑनलाइन रिटेल मार्केट में अमेजन का शेयर सिर्फ 0.6 था।

सोना खरीदना हुआ सस्ता, जानिए सुस्त मांग से आई कीमतों में कितनी गिरावट

नई दिल्ली। गुरुवार के कारोबार में सोने की कीमतों में बड़ी गिरावट देखने को मिली है। आज के कारोबार में सोना 405 रुपये सस्ता होकर 32,385 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बंद हुआ है। ऑल इंडिया सर्राफा एसोसिएशन के मुताबिक राष्ट्रीय राजधानी में स्थानीय ज्वैलर्स की ओर से घटी मांग के कारण सोना सस्ता हुआ है। सोने की ही तरह चांदी की कीमतों में भी गिरावट देखने को मिली है।

एक फैसले से थम गई कर्मचारियों की जिंदगी, बेघर होने के कगार पर पहुंचे



मुंबई। देश में एक और विमानन सेवा प्रदाता कंपनी ने आखिरकार दम तोड़ दिया। कभी देश की सबसे बड़ी निजी एयरलाइंस रही जेट एयरवेज ने बुधवार को पैसों की किल्लत के कारण अपने सभी विमानों को खड़ा कर दिया। कंपनी के इस फैसले के साथ ही जेट में काम करने वाले कर्मचारियों पर जैसे मुसीबतों पर पहाड़ टूट पड़ा है।

कई महीने से वेतन न मिलने से परेशान कर्मचारियों की न सिर्फ गृहस्थी ठहर गई है, बल्कि उनके बच्चों के सपनों पर सवालिया निशान लग गए हैं। हालत इतनी खराब है कि पैसों की किल्लत की वजह से कोई अपना घर बेचने को मजबूर है तो कोई अपनी ही सोसायटी में डिफॉल्टर बनकर जी रहा है। घर का खर्च, बच्चों की स्कूल फीस, मकान की ईएमआई, इलाज का खर्च जैसे मसलों से उनकी नींद उड़ गई है। इन्हीं कर्मचारियों में से एक भोजा पुजारी हैं, जिन्होंने लगभग 26 साल पहले तब जेट एयरवेज में बैगेज हैंडलिंग का काम शुरू किया था, जब कंपनी शुरू हुई थी। अब जेट के अन्य कर्मचारियों की तरह उन्हें भी कंपनी के बंद होने की चिंता सता रही है। पुजारी ने कहा, अगर मसला नहीं सुलझा, तो मुझे नहीं पता क्या होगा। उन्हें लगभग दो महीने की सैलरी नहीं मिली है और मजबूरन उन्हें अपना घर बेचना पड़ सकता है। उन्होंने कहा, मुझे ऐसा महसूस होता है, जैसे मेरे हाथ बांध दिए गए हैं। इन सबके बारे में सोचकर मुझे रात में नींद नहीं आती। मैंने अपने बच्चों को कुछ नहीं बताया है। वे बहुत छोटे हैं, लेकिन उन्हें आभास हो गया है कि कुछ गड़बड़ है।

सरकार ने पाकिस्तान से एलओसी के जरिए होने वाले व्यापार पर लगाई रोक

नई दिल्ली। सरकार ने जम्मू के रास्ते पाकिस्तान के साथ होने वाले व्यापार को दो जगहों से बंद कर दिया है। ये फैसला कल से लागू हो जाएगा। गृह मंत्रालय ने कहा कि 19 अप्रैल से जम्मू और कश्मीर में नियंत्रण रेखा पर व्यापार को बंद कर दिया गया है। सरकार को खबर मिल रही थी कि एलओसी व्यापार मार्गों से अवैध मादक पदार्थों और नकली मुद्रा आदि की फंडिंग हो रही है, इसलिए ये कदम उठाया गया है। गृह मंत्रालय ने कहा कि एनआईए द्वारा कुछ मामलों की जांच के दौरान यह सामने आया है कि एलओसी से होने वाले व्यापार में कई गड़बड़ियां सामने आई हैं। ऐसी जानकारी मिली है कि यह व्यापार आतंकवाद / अलगाववाद को बढ़ावा देने वाले प्रतिबंधित आतंकी संगठनों से जुड़े व्यक्तियों द्वारा

गर्मी के मौसम में रूह-अफजा बाजार से गायब

नई दिल्ली। गर्मी का मौसम है. बाजार में अलग-अलग ब्रांड के कोल्ड ड्रिंक हैं. हर कोल्ड ड्रिंक का अपना अलग स्वाद है और उसे पसंद करने वाले भी लोग हैं. लेकिन, सालों से घरों में इस्तेमाल किए जाने वाले शर्बत रूह-अफजा की बात ही कुछ और है. गर्मी शुरू होते ही इसका प्रचार भी शुरू हो जाता है।

लेकिन इस साल बाजार से रूह-अफजा गायब है. ऐसे में इसे पसंद करने वाले लोग परेशान हैं और जानना चाहते हैं कि इसकी क्या वजह है। दिल्ली-हृष्टक्र के दुकानदारों का कहना है कि सप्लाई बंद होने की वजह से रूह-अफजा नहीं मिल रहा है. डिमांड ज्यादा है और सप्लाई कम है. दुकानदारों का कहना है कि आज तक कभी ऐसा नहीं हुआ कि सप्लाई के मुताबिक रूह-अफजा की सप्लाई न हुई हो. ऐसे में लगता है कि कुछ गड़बड़ है.

इस बीच ऐसी खबर आ रही है कि रूह-अफजा बनाने वाली कंपनी हमदर्द के मालिकों के बीच आपसी मतभेद की वजह से प्रोडक्शन पर असर पड़ा है।

कोर्ट का आदेश गलत ढंग से पेश करने को चुनाव का भ्रष्ट तरीका घोषित करने की मांग, सुप्रीम कोर्ट में



नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट में एक जनहित याचिका दाखिल हुई है जिसमें चुनावी लाभ के लिए अदालत के आदेश को गलत ढंग पेश करने को चुनाव का भ्रष्ट तरीका करार देने की मांग की गई है। याचिका में शीर्ष अदालत से मांग की गई है कि चुनाव आयोग को यह अधिकार दिया जाए कि वह जाति, धर्म, भाषा या समुदाय के आधार पर वोट मांगने वाले उम्मीदवार का नामांकन रद कर सके और संबंधित पोलिटिकल पार्टी की मान्यता समाप्त कर सके। साथ ही सर्वोच्च न्यायालय से गुजारिश की गई है कि चुनाव आयोग को जाति, धर्म, भाषा और समुदाय के आधार पर वोट मांगने वालों के खिलाफ आई शिकायतों को उचित जांच एजेंसी को भेजने का अधिकार दिया जाए। पिछले हफ्ते ही सुप्रीम कोर्ट ने सांसद मिनाक्षी लेखी की अवमानना याचिका पर सुनवाई करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी से राफेल मामले में कोर्ट के आदेश को गलत ढंग से पेश करने पर सफाई मांगी थी। उक्त मामले में अदालत मंगलवार को सुनवाई करेगी। इस बीच यह नई जनहित याचिका महत्वपूर्ण हो गई है। हालांकि, इस याचिका पर सुनवाई की अभी कोई तारीख तय नहीं हुई है।

विदेश में फंसा भारतीय बोला मैं खुदकुशी कर लूं, तो सुषमा स्वराज ने कहा- हम हैं ना

नई दिल्ली। विदेश मंत्री सुषमा स्वराज हमेशा से ही ट्विटर के जरिए विदेशों में फंसे भारतीय की मदद करती रही हैं। इस बार भी कुछ ऐसा ही हुआ जब विदेश में रह रहे एक परेशान भारतीय की समस्याओं को देखते हुए सुषमा स्वराज ने उनकी हिम्मत बढ़ाई है। बता दें कि अली नामक शख्स जो सऊदी अरब की राजधानी रियाद में फंसे हुए है, उन्होंने ट्वीट के जरिए सुषमा स्वराज तक अपनी बात पहुंचाई है। हालांकि उन्होंने अपनी ट्वीट में भारत वापिस ना लौटने पर खुदकुशी करने की भी बात कही है।अली ने अपनी ट्वीट में लिखा, एक बात बताइए, क्या आप मेरी मदद कर सकते हैं या मुझे खुदकुशी कर लेनी चाहिए? मुझे लगभग 12 महीने हो गए हैं, मैं दूतावास से मदद की गुहार लगा रहा हूं। यह बहुत बड़ी मदद होगी अगर आप मुझे भारत वापिस ला पाए तो। मेरे चार बचे हैं। हालांकि इस बार फिर विदेश मंत्री सुषमा स्वराज ने खुद आगे आकर इस शख्स की हिम्मत बढ़ाई और हर संभव मदद का भरोसा दिया।

अली को सुषमा स्वराज ने लिखा, खुदकुशी की बात नहीं सोचते, हम हैं ना, हमारी एंबेसी आपकी पूरी मदद करेगी। बता दें कि अपनी ट्वीट में स्वराज ने इस मामले की पूरी रिपोर्ट रियाद में भारतीय दूतावास से भी मांगी है। हालांकि जब दूतावास ने उस व्यक्ति से उनके वीजा की कॉपी और फोन नंबर शेयर करने को कहा तो उन्होंने कहा कि उनके पास वीजा की कॉपी नहीं है, लेकिन एक इकामा है - एक निवास परमिट जो एक रोजगार वीजा पर सऊदी अरब में आने वाले प्रवासियों को जारी होता है।

बेमौसम बारिश बनी जान की दुश्मन, 54 से ज्यादा लोगों की गई जान

नई दिल्ली। देश के कई राज्यों में आंधी-तूफान के साथ हुई बारिश और बिजली गिरने की घटनाओं में 54 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई है। बड़ी संख्या में लोग घायल हुए हैं और फसलों के साथ ही संपत्ति को भारी नुकसान पहुंचा है।

सबसे ज्यादा नुकसान राजस्थान में हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मौतों और संपत्ति के नुकसान पर गहरा दुख जताते हुए मदद की घोषणा की है। वहीं केंद्रीय गृह मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि हालात पर नजर रखी जा रही है और केंद्र प्रभावित राज्यों की मदद को तैयार है।

राजस्थान में सर्वाधिक 25 मौतें

आंधी-तूफान और बारिश से राजस्थान में सबसे ज्यादा 25 मौतें हुई हैं। उसके बाद मप्र में 15, गुजरात में 10 और महाराष्ट्र में तीन लोगों की मौत हुई है। वैसे पिछले 72 घंटों में महाराष्ट्र में आंधी-पानी-बिजली गिरने से 11 लोगों की मौत हो चुकी है।

कमलनाथ का पीएम मोदी पर हमला

पीएम नरेंद्र मोदी ने बुधवार सुबह ट्वीट कर गुजरात में मौतों पर दुख जताया और मदद की घोषणा की। इस पर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री ने कमलनाथ ने तंज करते हुए ट्वीट किया, %मोदीजी, आप देश के पीएम हैं, गुजरात के नहीं। मप्र में भी 10 लोग मारे गए हैं, लेकिन आपने सिर्फ गुजरात तक अपनी भावनाएं सीमित रखी हैं।

भाजपा विधायक मंडावी पर हमले में शामिल नक्सलियों का बम एक्सपर्ट मुठभेड़ में ढेर

दंतेवाड़ा। लोकसभा चुनाव 2019 के दूसरे चरण में आज कड़ी सुरक्षा के बीच छत्तीसगढ़ की तीन सीटों पर मतदान हो रहा है। इस बीच दंतेवाड़ा में डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड और नक्सलियों के बीच धनीकरका के पास मुठभेड़ की खबर आ रही है। इस मुठभेड़ में कटेकल्याण एरिया कमेटी के नक्सली कमांडर वर्गीस समेत 2 नक्सलियों के मारे जाने की जानकारी है। बता दें कि पिछले दिन दंतेवाड़ा के श्यामगिरी इलाके में हुए बड़े नक्सली हमले में वर्गीस का हाथ था। इस हमले में भाजपा विधायक भीमा मंडावी समेत 4 लोगों की मौत हो गई थी। इस वजह इसे सुरक्षाबलों की सबसे बड़ी कामयाबी मानी जा रही है।

जानकारी के अनुसार, इस मुठभेड़ में दो नक्सली मारे गए हैं। इनमें से एक का नाम जोगा है। जोगा एलएचआर कमांडर था। इस नक्सली पर 1 लाख रुपये का इनाम था। वहीं दूसरे का नाम वर्गीस है। वर्गीस बम इम्प्लांट करने में एक्सपर्ट था। इस नक्सली पर 5 लाख का इनाम था। श्यामगिरी नक्सली हमले को वर्गीस और प्रदीप ने मिलकर अंजाम दिया था। प्रदीप मलांगिर एरिया कमेटी का कमांडर था। वह फिलहाल फरार है। फायरिंग में एक ग्रामीण भी घायल बताया जा रहा है, जिसका इलाज जारी है।

अतिरिक्त सुरक्षाबल मौके पर रवाना

अतिरिक्त सुरक्षाबलों को मौके पर रवाना किया गया है। बता दें कि बस्तर लोकसभा सीट पर पहले चरण में मतदान हो चुका है। मतदान से ठीक दो दिन पहले नक्सलियों ने दंतेवाड़ा के श्यामगिरी इलाके में भाजपा विधायक भीमा मंडावी की गाड़ी को आईईडी लगाकर उड़ा दिया था।

पाकिस्तान ने किया वनडे विश्व कप के लिए टीम का एलान

नई दिल्ली। ICC world cup 2019 इंग्लैंड में होने वाले वनडे विश्व कप के लिए पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने 15 सदस्यीय टीम का एलान कर दिया है। विश्व कप में टीम की कप्तानी सरफराज अहमद को हाथों में होगी।

विश्व कप टीम में तेज गेंदबाज मो. आमिर को शामिल नहीं किया गया है। हालांकि आमिर विश्व कप से पहले इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले वनडे सीरीज में अपनी टीम के लिए खेलेंगे। अगर उनका वहां प्रदर्शन अच्छा रहा तो शायद वो विश्व कप टीम का हिस्सा बन सकते हैं। इंजमाम उल हक की अगुआई में राष्ट्रीय चयन समिति ने 2019 विश्व कप के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की। टीम में युवा व अनुभवी खिलाड़ियों को शामिल करने इसे पूरी तरह से संतुलित बनाने की कोशिश की गई है। पाकिस्तान की टीम में सबसे चौंकाने वाला नाम मो. हफीज का है जो इस वक्त लगभग 39 वर्ष के हो चुके हैं। हफीज टीम के लिए ऑलराउंडर की भूमिका निभाते हैं।